# –: सहयोगात्मक पर्यवेक्षण भ्रमण आख्या जनपद–महराजगंज :–

## भ्रमण तिथि–18 से 22 अक्टूबर, 2022

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ०प्र० लखनऊ के पत्रांक सं० SPMU/NHM/M&E/2022-23/2566-2 दिनांक 19.07.2022 का संदर्भ ग्रहण करना चाहें **(पतका–क)**। पत्र में दिये गये निर्देशों के अनुपालन राज्य स्तरीय दल (डा0 एम0एस0 अहमद, डी0जी0एम0–एम0एच0, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, श्री अरविन्द त्रिपाठी, सलाहकार आई0ई0सी0 एवं श्री बलराम तिवारी, रीजनल कोऑर्डिनेटर (स्टेट), ए०आर०सी० कम्यूनिटी प्रोसेस) द्वारा दिनांक 18.10.2022 से दिनांक 22.10.2022 तक जनपद–महराजगंज में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण कर एल–1, एल–2 एवं एल–3 स्तर की स्वास्थ्य इकाई तथा सामुदायिक गतिविधियों का भ्रमण किया गया। भ्रमण आख्या निम्नवत है–

**राज्य स्तरीय टीम के सदस्यः–**

1. डा0 एम0एस0 अहमद, डी0जी0एम0–एम0एच0, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0 ।
2. श्री अरविन्द कुमार त्रिपाठी, परामर्शदाता, आई0ई0सी0, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0।
3. श्री बलराम तिवारी, रीजनल कोआर्डिनेटर स्टेट, कम्यू0प्रो0, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0।

राज्य स्तरीय दल द्वारा निम्न उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टरों का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया–

राज्य स्तरीय दल द्वारा निम्न स्वास्थ्य इकाईयों का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया–

- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, फरेन्दा (एफ0आर0यू0)।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, परतावल (एफ0आर0यू0)।
- 100 शैय्या एम0सी0एच0 विंग, जिला संयुक्त चिकित्सालय, महराजगंज।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, धानी।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सदर।
- हेल्थ वेलनेस सेंटर, प्रा0स्वास्थ्य केन्द्र,कृत पिपरा।
- नगरीय प्रा0स्वास्थ्य केन्द्र, इन्दिरानगर, जनपद–महराजगंज।
- ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस, लक्ष्मीपुर,
- नगरीय स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस, कांशीराम नगर, जनपद–महराजगंज

### पर्यवेक्षण के मुख्य बिन्दु

1. समस्त परिसरों में साफ–सफाई एवं स्वच्छ पेयजल की आवश्यकता है।
2. समस्त स्टॉफ को ससमय चिकित्सा इकाईयों में यूनिफार्म में उपस्थित रहना है।
3. परिसर में आई0ई0सी0, सिटिजन चार्टर एवं नेम प्लेट अवश्य लगे हों।
4. प्रसव कक्ष मानकानुसार व्यवस्थित किए जाने हैं।
5. प्रसव एवं अन्य कार्यक्रम से सम्बन्धित समस्त प्रपत्रों को पूर्ण किया जाना है।
6. औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी है।
7. लाभार्थी एवं आशाओं का भुगतान ससमय किया जाना है।
8. स्टोर में उपलब्ध सामग्री एवं औषधियों को आवश्यकतानुसार सभी को वितरित किया जाना है।
9. समस्त प्रसवों का अंकन एच0एम0आई0एस0, आर0सी0एच0 एवं मंत्रा एप्प पर किया जाना है
10. आशा, आशा संगिनी तथा सी0एच0ओ0 एवं अन्य स्टॉफ के समस्त लंबित भुगतान पूर्ण किए जाएं।
11. समस्त कार्यक्रमों के निर्धारित प्रपत्र एवं पंजिकाएं मानकानुसार प्रिंट कराकर पूर्ण कराया जाए।
12. हेल्थ वेलनेस सेंटर में ब्रांडिंग, फर्नीचर, उपकरण, औषधि एवं कंज्यूमेबल्स, आई0ई0सी0 मानकानुसार सुनिश्चित किया जाए।
13. ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर समस्त लॉजिस्टिक एवं आर0सी0एच0 रजिस्टर पूर्ण करा लिए जाएं।
14. जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत डायट समस्त प्रसव इकाई पर सुनिश्चित की जाएं।

## सामु0स्वास्थ्य केन्द्र, फरेन्दा

- अस्पताल परिसर में साफ–सफाई एवं स्वच्छ पेयजल की आवश्यकता है। बी0एम0डब्ल्यू0 बकेट को वेटिंग एरिया के पास रखा पाया गया।
- अस्पताल के विभिन्न चिकित्सा विंग में विद्युत आपूर्ति के बैकअप के सुदृढीकरण की आवश्यकता है।
- केस सीट पुराने प्रारूप पर भरी जा रही है। नया प्रारूप उपलब्ध कराने की आवश्यकता है।
- बी0एच0टी0 के अधिकांश बिन्दुओं को भरा नही जा रहा है तथा मरीज से कुछ जगहों पर कुछ लिखे बिना ही हस्ताक्षर करवाया जा रहा है।
- अधिकांश बी0एच0टी0 प्रपत्र पर अंकित विटामिन ज्ञ की मात्रा गलत दर्ज की गई है। इसके अंतिम पेज (डिस्चार्ज स्लिप) बी0एस0टी0 में ही संलग्न थे।
- डिलेवरी रजिस्टर पर दर्ज केसों की संख्या तथा मंत्रा एप्प पर दर्ज केसों की संख्या में 212 का अन्तर है। इसकी फीडिंग कराने की जरूरत है।
- आर0बी0एस0के0 टीम द्वारा भ्रमण रजिस्टर पर भ्रमण की सूचना अंकित नहीं की जा रही है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, परतावल

- प्रसव कक्ष में ऑक्सीजन कंसंट्रेटर एवं रेडिएंट वार्मर का लागबुक उपलब्ध नहीं था तथा कक्ष के बाहर शू–रैक उपलब्ध नहीं है।
- जे0एस0वाई0 वार्ड में बेडों पर आधे भाग तक मैकिंटोश लगवाने का निर्देश दिया गया। वार्ड में प्रसव पश्चात जांच एवं बचाव से सम्बन्धित आई0ई0सी0 पोस्टर लगवाने हेतु निर्देश दिया गया।
- लाभार्थियों को दिया जा रहा जे0एस0एस0के0 डाईट, रजिस्टर पर अंकित किया जाए एवं रजिस्टर को नियमित रूप से पूर्ण किया जाये व प्रत्येक कॉलम भरा जाये। जे0एस0एस0के0 डाईट मीनू जे0एस0वाई0 वार्ड की दीवार पर लिखवाने का निर्देश दिया गया।
- माह अक्टूबर, 2022 तक 59 सिजेरियन प्रसव कराये जा चुके है। माह–सितम्बर ,2022 तक कराए गए कुल 1255 प्रसव के सापेक्ष मंत्रा एप्प पर मात्र 719 ही अंकित हैं।
- माह–सितम्बर ,2022 तक कराए गए कुल 1255 प्रसव के सापेक्ष मात्र 1087 लाभार्थियों का भुगतान किया गया है।
- शौचालयों में साफ–सफाई का अभाव है।
- 102 व 108 का रजिस्टर व रिकार्ड बनाया जाये व उचित रख–रखाव किया जाये।
- एन0बी0एस0यू0 कक्ष में रेडिएंट वार्मर के बीच समुचित दूरी बनाने, रेडिएंट वार्मर बेड पर मुलायम तौलिया रखने एवं वजन मशीन को उचित एवं सुविधाजनक स्थान पर रखने हेतु निर्देश दिया गया।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर कार्यरत अधिकांश कर्मियों द्वारा एप्रेन नहीं पहना हुआ था। जिन कर्मियों ने एप्रेन पहना हुआ था उन्होंने नेम प्लेट/आई कार्ड नहीं लगायी हुई थी।
- आर0बी0एस0के0 कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्ययोजना, लॉग बुक रिर्पोट आदि के सम्बन्ध में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। पर्यवेक्षण में कार्ययोजना एवं रिपोर्ट में कमियाँ पायी गयी।

## 100 शैय्या एम0सी0एच0 विंग

- माह– अक्टूबर,2022 में कुल 255 प्रसव हुए हैं, जिसमें से 82 सीजेरियन प्रसव हैं।
- एम0सी0एच0 विंग में प्रसव कक्ष एवं जिला संयुक्त चिकित्सालय में ऑपरेशन थिएटर संचालित है।
- प्रसव कक्ष के रजिस्टर यथा– प्रसव पंजिका, सन्दर्भन पंजिका, भर्ती पंजिका, एवं डायट पंजिका अपूर्ण पाए गए। डिलेवरी रजिस्टर पर मंत्रा एप्प आई0डी नम्बर नही अंकित है। बी0एच0टी0 सही प्रकार से नहीं भरा जा रहा है।
- रेफरल इन, रेफरल आऊट एवं प्रसव रजिस्टर पुराने प्रारूप वाले प्रयोग में लाए जा रहे हैं। नए प्रारूप की आवश्यकता है।
- आई0पी0डी0 रजिस्ट्रर पर क्रमांक संख्या नही अंकित है। मरीज को रेफर करने की दशा में मरीज की स्थिति रजिस्टर पर सामान्य दर्शाई जा रही है।
- माह–अक्टूबर,2022 में कराए गए कुल 255 प्रसव के सापेक्ष मंत्रा एप्प पर मात्र 85 ही अंकित हैं।
- बायोमेडिकल वेस्ट एवं इंफेक्शन प्रीवेंशन का कालम पूर्ण नहीं किया जा रहा है।
- नर्स मेंटर एवं हॉस्पिटल मैनेजर के द्वारा स्टॉफ की हैंड–आन–ट्रेनिंग एवं अनुश्रवण नहीं किया जा रहा है।

- प्रसव कक्ष में स्टॉफ एवं चिकित्सक की ड्यूटी रोस्टर के अनुरूप नहीं है। भ्रमण के दौरान कोई चिकित्सक उपस्थित नहीं पाया गया।
- प्रसव कक्ष मानकानुसार व्यवस्थित नहीं पाया गया एवं 7 ट्रे भी उपलब्ध नहीं पाया गया।
- जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों का भुगतान लंबित है।
- नवजात को टीकाकरण की जन्म खुराक नहीं दी जा रही थी। केस शीट में कालम खाली पाया गया।
- जे0एस0एस0के0 डायट का मेन्यू कहीं भी प्रदर्शित नहीं था एवं किचन पर ताला लगा पाया गया।
- जे0एस0वाई0 वार्ड में बेड पर बेड शीट नहीं पाया गया।
- मानव संसाधन सूची उपलब्ध नहीं पाई गई।

## सामु0स्वा0केन्द्र धानी

- लेबर रूम व्यवस्थित नहीं है तथा 7 ट्रे रखने की पर्याप्त जगह नहीं है। ट्रे समेंत अधिकांश सामानों/उपकरणों में जंग लगे पाये गये है। ठीक बगल में स्टोर का दरवाजा टूटा हुआ है।
- लेबर रूम में मानक के अनुसार दवायें उपलब्ध नही है। स्टाफ नर्स द्वारा बताया गया कि विटामिन–ज्ञ विगत एक वर्ष से उपलब्ध नहीं है।
- स्टाफ नर्स ड्यूटी रूम से सम्बद्ध शौचालय चालू नहीं है तथा उसका दरवाजा टूटा हुआ है। जिसमें निष्प्रयोज्य वस्तुएं रखी गई हैं।
- शू कवर उपलब्ध नहीं है। डिलेवरी रूम के नल सं लगातार पानी गिर रहा है। तथा शौचालय साफ नही है।
- डिलेवरी रजिस्टर पर दर्ज केसों की संख्या तथा मंत्रा एप्प पर दर्ज केसों की संख्या में काफी अधिक अन्तर है। इसे सही कराने की जरूरत है।
- लाभार्थियों को जे0एस0एस0के0 डायट नहीं दिया जा रहा है।
- बी0एच0टी0 के अधिकांश कालम को भरा नहीं जा रहा है तथा मरीज से कुछ जगहों पर बिना कुछ लिखे ही हस्ताक्षर करवाया पाया गया है। मरीज को डिस्चार्ज स्लिप नहीं दिया जा रहा है। अधिकांश बी0एच0टी0 में ही संलग्न थे अर्थात वह मरीज को नही दिये जा रहें है।
- अस्पताल परिसर में सफाई एवं स्वच्छता का अभाव पाया गया। तथा हास्पिटल के अन्दर अनेक स्थान पर पान–गुटखा खाकर थूकने का निशान पाया गया।
- हास्पिटल के अधिकांश पैरामेडिकल स्टाफ बिना एप्रेन के उपस्थित थे।
- बी0पी0एम0यू0 कार्यालय के बगल में स्थित शौचालय के फर्श एवं दरवाजे टुटे हुये पाये गये।
- बी0एम0डब्ल्यू0 मानक के अनुसार नही था।
- मिनी स्किल लैब कक्ष उपलब्ध है, लेकिन उसको व्यवस्थित नहीं किया गया है।
- 20 सितम्बर, 2022 तक कुल 720 प्रसव कराए गए थे, समस्त प्रसव में आशा साथ में आई थी।
- आर0बी0एस0के0टीम के पास कोई सामग्री उपलब्ध नहीं थी। स्टोर खुलवा कर टीम को सामान दिलवाया गया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सदर

- लेबर रूम एवं लेबर वार्ड में प्रकाश की उचित व्यवस्था न होने के कारण रोशनी की कमी है।
- लेबर टेबल पर मैकेन्टास शीट नहीं थी एवं इसके साथ फुट स्टेप नहीं था।
- लेबर रूम में लेबर प्रोटोकाल पोस्टर नहीं थे।
- 7 ट्रे सिस्टम व्यवस्थित नहीं था।
- लेबर रूम एवं लेबर वार्ड में साफ–सफाई का अभाव था।
- आर0बी0एस0के0 कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्ययोजना, लॉग बुक रिर्पोट आदि के सम्बन्ध में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। पर्यवेक्षण में कार्ययोजना एवं रिपोर्ट में कमियाँ पायी गयी। भ्रमण रजिस्टर अद्युनांत नहीं था।
- कोल्ड चेन व्यवस्थित नहीं है। बिजली के तार अव्यस्थित हैं।
- सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र पर कार्यरत अधिकांश कर्मियों द्वारा एप्रेन नहीं पहना हुआ था। जिन कर्मियों ने एप्रेन पहना हुआ था उन्होंने नेम प्लेट/आई कार्ड नहीं लगायी हुई थी।

## हेल्थ वेलनेस सेन्टर एण्ड न्यू पी0एच0सी0 कृतपिपरा

- अस्पताल भवन का पेन्टिग कार्य किये जाने, साइनेज एवं फैसिलिटी ब्राण्डिंग किये जाने की आवश्यकता है।
- मानव संसाधन की उपलब्धता ।
- लेबर रूम अव्यस्थित एवं अस्पताल का लैब निष्क्रिय है।
- वेलनेस सेन्टर का परामर्श कक्ष व्यवस्थित करना ।
- वेलनेस सेन्टर पर सी0एच0ओ0 हेतु लिये गया लैपटाप से कोविड कार्य किया जा रहा है।
- वेलनेस सेन्टर पर एन0सी0डी0 मेडिसिन की व्यवस्था सुनिश्चित करना।
- वेलनेस सेन्टर के मानक के अनुसार उपकरण उपलब्ध नहीं है।
  परिसर में साफ–सफाई की आवश्यकता। परिसर के ठीक बाहर झाड़ियों की कटाई की आवश्यकता है।

## ग्राम एवं नगरीय स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस, लक्ष्मीपुर एवं काशीराम नगर

- आशा और ए.एन.एम. की ड्यूलिस्ट मैच नहीं हो रही है।
- लाभार्थियों की ए0एन0सी0 जाँच करने हेतु फर्नीचर एवं निजता सुरक्षित करने हेतु स्थान उपलब्ध नहीं है।
- वी0एच0एस0एन0डी0 का बैनर नहीं लगा हुआ है।
- फैमिली प्लानिंग संबंधी सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं है।
- वी0एच0एस0एन0डी0 के दौरान लाभार्थी हेतु रनिंग वाटर की व्यवस्था नहीं थी।
- आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री उपस्थित नहीं थी तथा सी0एच0ओ0 द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस पर ठीक ढंग से एन0सी0डी0 कार्यक्रम की स्क्रीनिंग करने का पर्याप्त संसाधन नही था।

## नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं वेलनेस सेन्टर इन्द्रानगर महराजगंज

- आशाओं के साथ बैठक कर, सभी को अपनी डायरी पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया गया। ससमय आशा भुगतान हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।
- ए0एन0एम0 कंचन अनुपस्थित थी। जबकि उपस्थिति पंजिका में हस्ताक्षर दर्ज किया गया था। जिसे कारण बताओं नोटिस दिये जाने हेतु अधीक्षक, नगरीय प्रा0स्वा0 केन्द्र, इन्द्रानगर को निर्देशित किया गया ।
- एन0सी0डी0 कार्यक्रम हेतु लिये गये कम्प्यूटर उपलब्ध था लेकिन उसमें बेब कैमरा नहीं था।
- आशाओं एंवं सभी कर्मचारियों का आई कार्ड बनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया ।
- बी0एच0टी पूर्ण रूप से नही भरा जा रहा है।
- लेबर रूम मे प्रसव रजिस्टर पुराने है। नये रजिस्टर उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया ।

राज्य स्तरीय टीम द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी महराजगंज, डा0 नीना वर्मा से भेंट कर फीडबैक दिया गया तथा बैठक में उपस्थिति जिला कार्यक्रम प्रबन्धक को निम्न सुझाव दिये गये –

1. जनपद व ब्लाक स्तर पर स्थापित हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर में फर्नीचर कन्जयूबिल सामग्री आवश्यक दवाईया प्रिन्टेड प्रपत्र व रजिस्टर आदि गाइड लाइन के अनुसार उपलब्ध नहीं कराये गये। मुख्य चिकित्साधिकारी महोदया ने बताया यथाशीघ्र उपलब्ध करा दी जायेगी।
2. जनपद व ब्लाक स्तर पर अधिकारियों द्वारा भ्रमण कार्ययोजना मूवमेन्ट रजिस्टर भ्रमण रिपोर्ट आदि प्रॉपर नहीं बनायी जा रही है जिससे जनपद में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण गति धीमी है उक्त को सुचारू रूप से किये जाने का सुझाव दिया गया।
3. जनपद व ब्लाक स्तर फिजिकल व फाइनेंशियल अभिलेखों पर संबंधित अधिकारियों द्वारा अवलोकन हस्ताक्षर नहीं किये जा रहे, जिसको सुनिश्चित कराने हेतु सुझाव दिया गया।
4. जनपद द्वारा अधिकारियों का टीम निर्माण कर प्रत्येक फैसिलिटी के लेबर रूम का एसेसमेन्ट कराना उसको सुसज्जित कराये जाने का सुझाव दिया गया।
5. एच०एम०आई०एस० तथा यू०पी०एच०एम०आई०एस० के ऑकड़ों की नियमित समीक्षा तथा वैलिडेशन प्रत्येक स्तर पर किया जाए।
6. सभी इकाईयों में रोगी कल्याण समिति की बैठकें नियमानुसार करते हुए उसकी कार्यवाही प्रॉपर बनाई जाये तथा व्यय की धनराशि रजिस्टर में दर्शाया भी जाये। आर0के0एस0 रजिस्टर कहीं भी देखने को प्राप्त नहीं हुए।

7. आशा एवं सी.एच.ओ. के कार्यों के अवलोकन उपरांत ससमय भुगतान किया जाने हेतु सुझाव दिए गए।

8. स्वास्थ्य इकाईयों में जननी शिशु सुरक्षा योजना कार्यक्रम के अंतर्गत डायट रजिस्टर मेन्टेन कराना तथा डायट चार्ट को वार्डों में दीवार लेखन नहीं किया गया जिससे सुनिश्चित कराये जाने का सुझाव दिया गया।

9. भ्रमण के दौरान कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स द्वारा अवगत कराया गया कि उपलब्ध कराये गये लैपटॉप सुचारू रूप से कार्य नहीं कर रहे हैं। इस हेतु सम्बन्धित एजेन्सी से समस्या के निस्तारण का सुझाव प्रदान किया गया।

| | | |
|---|---|---|
| **(बलराम तिवारी)** | **(अरविन्द कुमार त्रिपाठी)** | **(डा0 एम0एस0 अहमद),** |
| रीजनल कोआर्डिनेटर स्टेट, कम्यू0प्रो0 | परामर्शदाता, आई0ई0सी0, कम्यू0प्रो0 | डी0जी0एम0–एम0एच0 |